आवश्यक
नगरपालिका आम/उप चुनाव,
2025

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या - न.नि. 50-28/2025 – 2568

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा (भा.प्र.से.)
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
पूर्वी चम्पारण।

पटना, दिनांक – 5.6.2025

विषय : नगरपालिका आम/उप निर्वाचन, 2025 के निमित्त नगर पंचायत पकड़ीदयाल के लिए प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा हेतु मार्गदर्शन के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 2271 दिनांक 26.05.2025 एवं आपका पत्रांक 259 दिनांक 04.06.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रांक 259 दिनांक 04.06.2025 द्वारा आयोग के प्रासंगिक पत्रांक 2271 दिनांक 26.05.2025 की कंडिका - 10(घ)v में उद्धृत नाम निर्देशन पत्र के साथ प्रपत्र -क में मतदाता के रूप में सूचीबद्ध होने का घोषणा-पत्र तथा प्रासंगिक पत्र के साथ संलग्न परिशिष्ट-1 (नाम निर्देशन पत्र के साथ संलग्न कागजात की विवरणी) के क्रमांक 1 के कॉलम 2 में प्रपत्र-क में मतदाता सूची में अभ्यर्थी का नाम दर्ज होने की घोषणा (शपथ-पत्र के रूप में) अंकित है के सन्दर्भ में यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रपत्र-क में दी गई घोषणा-पत्र यदि कार्यपालक पदाधिकारी/नोटरी पब्लिक/ओथ कमिश्नर के समक्ष शपथ नहीं लिया गया तो उक्त परिस्थिति में एसे अभ्यर्थी का नामांकन अस्वीकृत की जाए अथवा नहीं के संबंध में मार्गदर्शन की माँग की गई है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निदेश दिया गया है कि –

यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रपत्र-क में दी गई घोषणा-पत्र यदि कार्यपालक पदाधिकारी/नोटरी पब्लिक/ओथ कमिश्नर के समक्ष शपथ नहीं लिया गया हो अथवा नहीं दोनों स्थिति में नामांकन पत्र अन्यथा अयोग्य नहीं हो, तो नामांकन पत्र स्वीकृत किया जायेगा।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय तथा तत्संबंधी निदेश से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,
05/6/25
सचिव।

5.6.25

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom
D:\pm5\NGR_Bye_E_23.pmd\166

ज्ञापांक - न.नि. 50-28/2025 – 2568 पटना, दिनांक – 5.6.2025

प्रतिलिपि, सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) (पूर्वी चम्पारण को छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/6/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-28/2025 – 2568 पटना, दिनांक – 5.6.2025

प्रतिलिपि, सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/6/25

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-28/2025 – 2568 पटना, दिनांक – 5.6.2025

प्रतिलिपि, सचिव, नगर विकास एवं विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/6/25

सचिव।